2016

HINDI

(Major)

Paper : 3.2

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) भरतमुनि द्वारा रचित काव्यशास्त्रीय ग्रंथ का नाम क्या है?

(ख) विभाव कितने प्रकार के होते हैं?

(ग) वीभत्स रस का स्थायी भाव क्या है?

(घ) 'विभावानुभावव्याभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः' —यह किसका कथन है?

(ङ) डॉ० नगेन्द्र के अनुसार साधारणीकरण किसका होता है?

(च) "काव्यशोभाकरान् धर्मान् अलंकारन् प्रचक्षते।" यह किसकी उक्ति है?

(छ) 'अलंकरोति इति अलंकारः' का अर्थ क्या है?

(ज) 'ध्वनि' शब्द की व्युत्पत्ति बताइए।

(झ) 'ध्वन्यालोक' के रचयिता कौन हैं?

(ञ) छंद के क्या-क्या भेद हैं?

2. अति संक्षेप में उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) खण्डकाव्य और महाकाव्य में क्या-क्या अंतर हैं?

(ख) करुण रस का परिचय दीजिए।

(ग) अलंकार के भेदों का नामोल्लेख कीजिए।

(घ) आचार्य आनन्दवर्धन ध्वनि-काव्य के कितने भेद मानते हैं और वे क्या-क्या हैं?

(ङ) वर्णिक छंद किसे कहते हैं?

3. किन्हीं **चार** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) काव्य-हेतु पर प्रकाश डालिए।

(ख) स्थायी भाव पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ग) आचार्य अभिनवगुप्त द्वारा दिए गए रस निष्पत्ति के मत की समीक्षा कीजिए।

(घ) शुद्धा लक्षणा पर विचार कीजिए।

(ङ) मुक्तक-काव्य के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

(च) रीति सम्प्रदाय का सामान्य परिचय दीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के संतुलित उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) भारतीय एवं पाश्चात्य मतानुसार काव्य-प्रयोजनों पर विचार कीजिए।

अथवा

काव्य-गुण पर आलोचना कीजिए।

(ख) 'साधारणीकरण' से आप क्या समझते हैं? 'साधारणीकरण' सिद्धांत की प्राचीन और नवीन व्याख्याओं को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

शब्दशक्ति को परिभाषित करते हुए अभिधा शब्दशक्ति का सोदाहरण विवेचन कीजिए।

(ग) वक्रोक्ति के भेदोपभेदों का परिचय दीजिए। Zama

अथवा

'रस' शब्द की परिभाषा देते हुए उसके स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

5. उदाहरण एवं संघटना के साथ निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** अलंकारों का परिचय दीजिए : 5×2=10

उपमा ; रूपक ; यमक ; विरोधाभास।

अथवा

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** छंदों का परिचय कीजिए : 5×2=10

चौपाई ; सोरठा ; कुण्डलिया ; छप्पय।

★★★